TRAI

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग
(पुराना मिंटो रोड), समीप जाकिर हुसैन कॉलेज,
नई दिल्ली –110002

निविदा आमंत्रण सूचना

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, भारत में विभिन्न दूरसंचार सेवा क्षेत्र के सेवा प्रदाताओं की ज़ोनल आधार पर (पूर्वी, पश्चिमी, उत्तरी एवं दक्षिणी जोन) सेवा की गुणवत्ता की लेखापरीक्षा एवं मूल्यांकन करने के लिए, निम्नलिखित पात्रता शर्तों को पूरा करने वाली कंपनियों/फर्मों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित करता है:-

(1) लेखापरीक्षा एजेंसी का वित्त वर्ष 2011–12 के दौरान न्यूनतम एक करोड़ रुपए तथा लगातार पिछले तीन वित्त वर्षों के दौरान न्यूनतम तीन करोड़ रुपए का संचयी कारोबार होना चाहिए; तथा

(2) लेखापरीक्षा एजेंसी के पास सेवा की गुणवत्ता की लेखापरीक्षा एवं मूल्यांकन करने के कार्य की तरह के कार्य के संचालन में न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए और संदर्भ की निबंधन के अनुसार सेवा की गुणवत्ता की लेखापरीक्षा एवं मूल्यांकन करने के लिए पर्याप्त स्टाफ और बुनियादी अवसंरचना होनी चाहिए।

निविदा दस्तावेजों को, भादूविप्रा की वेबसाइट **www.trai.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। भावी बोलीकर्ताओं के लिए **दिनांक 22 फरवरी, 2013 को अपराह्न 3 बजे**, भादूविप्रा के सम्मेलन कक्ष में पूर्व–निविदा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। पूर्णरूपेण बोली, **04 मार्च, 2013 को अपराह्न 3 बजे तक या उससे पहले संयुक्त सलाहकार (सेवा गुणवत्ता), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (पुराना मिंटो रोड), नई दिल्ली–110002** को प्रस्तुत कर दी जानी चाहिए।

(एस०के० सिंघल)
संयुक्त सलाहकार (सेवा गुणवत्ता)